LATEST

# NEWS

## Election

## Date : 25th Jan. 2026

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज, "मेरा भारत, मेरा वोट" थीम पर होगा आयोजन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 79 अधिकारीगण और कर्मचारीगण होंगे सम्मानित

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन रविवार, 25 जनवरी को राजस्थान इन्फोरमेशन सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे होंगे। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास एवं राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस की निर्धारित थी, ''मेरा भारत, मेरा वोट'' पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग के राज्य निर्वाचन आईकॉन भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में बूथ स्तर तक उत्साहपूर्वक किया जाएगा।

श्री महाजन ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का प्रमुख उद्देश्य भारत के सभी नागरिक जो निर्वाचक सूची में पंजीकरण के योग्य हैं का निर्वाचक सूची में शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराए जाने तथा निर्वाचन में



उनकी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु जागरूकता फैलाना है।

श्री महाजन ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्यस्तरीय समारोह में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 पर बनाई गयी डॉक्युमेंट्री होगी, जिसका विमोचन राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। इस डॉक्युमेंट्री में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के सफर को दर्शाया जाएगा। साथ ही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, ईआरओ एवं बीएलओ द्वारा अनुभाव साझा किए जाएंगे।

समारोह में राज्यपाल महोदय द्वारा संविधान उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों की शपथ का वाचन किया जाएगा। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में राज्य प्रशासन, राज्य निर्वाचन आयोग, कॉरपोरेट्स, स्वयंसेवी संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है।

इस कार्यक्रम का प्रसारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी किया जाएगा। जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा।

श्री महाजन ने बताया कि राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में विशेष योगदान देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी एवं अन्य श्रेणी के 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन आयोग द्वारा निर्धारित थीम ''मेरा भारत, मेरा वोट'' पर केन्द्रित करते हुए मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य गतिविधियों का आयोजन राज्य स्तर के साथ जिला स्तर, विधानसभा स्तर एवं बूथ लेवल स्तर तक किया जाएगा। जिलों में मतदाता जागरूकता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रिन्ट, टीवी, रेडियो विज्ञापन, सोशल मीडिया कैम्पेनए वेबीनार/सेमीनार का आयोजन किया जाएगा।

जिला स्तर पर भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व स्कूल, कालेज, स्वंयसेवी संगठनों एनएसएस, एनसीसी आदि के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिता निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर आदि का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में श्रीगंगानगर के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार शाक्य, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रायसिंहनगर के रणवीर बाना (बीएलओ सुपरवाईजर), घरसी राम (बीएलओ), जयपाल शर्मा (बीएलओ) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र श्रीकरणपुर को सम्मानित किया जाएगा।

दैनिक भास्कर डूंगरपुर भास्कर 25-01-2026

# सागवाड़ा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक सम्मानित



सागवाड़ा. राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मानित कार्मिक व अतिथि।

सागवाड़ा| सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पूर्व दिवस पर उपखंड स्तरीय समारोह पंचायत समिति सभागार में हुआ। कार्यक्रम एसडीएम सुबोध सिंह चारण व तहसीलदार रमेशचंद्र बढ़ेरा ने भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उद्देश्यों एवं महत्व की जानकारी देते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नवयुवक मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समस्त कार्मिकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही आगामी पंचायती राज एवं नगर पालिका चुनावों को लेकर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने व मतदाता सूचियों के शुद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रकाशन पर विशेष जोर दिया। एसआईआर अभियान एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप श्रेष्ठ कार्य करने पर सूचना सहायक नेहल जैन, कंप्यूटर अनुदेशक प्रीतम पंचाल, सुपरवाइजर जयेश पाटीदार एवं प्रकाश सिंह राव, बीएलओ राकेश दर्जी, संजय कुमार गांधी, रमेशचंद्र यादव, पंकज पंड्या, लोकेश पाटीदार, हितेशकुमार जोशी, अंबालाल डेंडोर एवं शांतिलाल राणा को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

# जिले में रोजाना औसतन 990 नए मतदाता जुड़ रहे

भास्कर संवाददाता | बांसवाड़ा

जिले में रोजाना औसतन 990 नए मतदाताओं के नाम जुड़ रहे हैं। प्रशासन की ओर से एसआईआर प्रक्रिया के बाद नई सूची जारी की गई, जिसमें जिसमें जिले में कुल 1324642 मतदाता पंजीकृत थे। लेकिन इसी दौरान नए वोटर को जोड़ने की प्रक्रिया भी जारी रही। इसी के तहत 16 दिसंबर से 21 दिसंबर के बीच जिले में 35647 नए मतदाता सूची में जोड़े गए। यानी 35 दिन में 35674 नए मतदाता जुड़े। गौरतलब है कि जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1.14 लाख वोटर के नाम कटे थे। इनमें 55 हजार ऐसे मतदाता थे जो दूसरी जगह शिफ्ट हो गए थे, 33565 वोटर्स की मौत हो चुकी थी जबकि 13062 वोटर लापता थे।

### किस क्षेत्रवार जुड़े नए मतदाता

विधानसभा क्षेत्रवार 21 जनवरी तक के आंकड़ों को देखें तो घाटोल विधानसभा क्षेत्र में 10154, गढ़ी में 4847, बांसवाड़ा में 6469, बागीदौरा में 6072 और कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 8105 प्रपत्र प्राप्त हुए।

# मतदाता दिवस पर आज पदयात्रा के साथ दिलाई जाएगी मतदाता शपथ

बांसवाड़ा| माई भारत द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर युवाओं एवं विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से 25 जनवरी को जिले में जन जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी योगेश चारण ने बताया कि यह पदयात्रा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पारखेला सरेड़ी बड़ी की सहभागिता से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के अधिकार, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों को मतदाता शपथ भी दिलवाई जाएगी, ताकि वे निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के लिए संकल्पित हो सकें।

# सिरोही महाविद्यालय में मनाया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सिरोही** . राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शुक्रवार को मनाया गया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. संध्या दुबे ने संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाने से हुई। इसके बाद वाद-विवाद, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

परिस देशमुख ने बताया कि एसओजी की जांच में खुलासा हुआ कि सांचौर

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**सिरोही @पत्रिका.** जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी के निर्देशानुसार प्री राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत जिलेभर के शिक्षण संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा रंगोली, पोस्टर, भाषण सहित प्रतियोगिताओं तथा नाटक व मतदाता शपथ में भाग लिया। इस दौरान अध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं अन्य उपस्थित थे।

संचलन निकाला गया। प्रबुद्धजन व सज्जन शक्ति ने परशुराम मंदिर प्रांगण से भगवा झंडी दिखा पथ संचलन रवाना किया, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए दशा माता रोड पहुंचा। प्रधानाचार्य रमेश कुमार भाटी ने आभार जताया। प्रसार-प्रचार प्रमुख भावेश घांची, अशोक सोनी, मेहुल रावल, नीलेश ओझा, नरेंद्र सिंह, मगनलाल माली, आचार्य प्रवीण गर्ग, नारायण, दलजीत, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

साथ जो अभद्र व्यवहार पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह घटना देश के माथे पर एक कलंक है। पीसीसी सदस्य किशोर पुरोहित, भूराराम मेघवाल, जोगाराम मेघवाल, रेणुलता व्यास, कुलदीप रावल, शिवलाल घांची, कल्पेश त्रिवेदी, प्रकाश मीना, ईश्वर पुरोहित, देवकिशन व भीमा राम चौधरी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

ईसरा गांवों में बैठकें की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष लीलाराम गरासिया, पूर्व चेयरमैन अचलसिंह बालिया और ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्रसिंह देवड़ा ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष गरासिया अचलसिंह बालिया ने कहा कि मनरेगा को यूपीए सरकार ने 100 दिन की मजदूरी की गारंटी के साथ अधिकार के रूप में लागू किया था। पुष्पेंद्रसिंह देवड़ा ने कहा कि सिरोही देश का पहला जिला है, जहां मनरेगा लागू हुआ, जिससे मजदूरों का पलायन रुका। बैठकों में पूर्व जिलाप्रमुख चंदनसिंह देवड़ा, पूर्व प्रधान महेंद्र रावल, हमीद कुरैशी, परबत सिंह काबा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मतदान की शपथ • सरकारी कॉलेज सिरोही में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

# वोट का महत्व समझाने प्रतियोगिताएं रखीं

भास्कर न्यूज | सिरोही

राजकीय कॉलेज सिरोही में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता क्लब (ईएलसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोहपूर्वक मनाया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। शुभारंभ कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. संध्या दुबे ने किया। उन्होंने उपस्थित संकाय सदस्यों और छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना और मतदान करना अनिवार्य है।

## वाद-विवाद में भूमिका प्रथम

वाद-विवाद, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भूमिका खण्डेलवाल प्रथम, उदय प्रजापति व भूमिका ओझा तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में तेजल सुथार प्रथम, आस्था कुमारी द्वितीय व दिगशा मिश्रा तृतीय रहे। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में तेजल सुथार प्रथम, नटवर लाल द्वितीय व अरूण कुमार मारू तृतीय रहे।

**हस्ताक्षर अभियान से दिया संदेश:** समापन पर सभी संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने मैसेज बोर्ड पर अपने संदेश लिखकर और हस्ताक्षर कर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान ईएलसी सदस्य डॉ. रुचि, प्रदीप कुमार व हेमराज सहित कॉलेज के कार्मिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चूली में मनाया मतदाता दिवस, ईपिक कार्ड बांटे

पोसालिया | निकटवर्ती चूली स्थित राउमावि में शुक्रवार को मतदाता दिवस मनाया। विद्यार्थियों और ग्रामीणों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की शपथ दिलाई। अध्यक्षता प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम बैरवा ने की। संयोजन बूथ लेवल अधिकारी पूनाराम मीना ने किया। हिंदी प्राध्यापक ईश्वर लाल ने समस्त कार्मिकों और छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने की शपथ दिलवाई। डिजिटल माध्यमों से दी निर्वाचन की जानकारी समारोह में तकनीकी जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। वीडियो और पोस्टर्स के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम, वीवीपैट, होम वोटिंग सुविधा, सी-विजिल ऐप, वोटर हेल्पलाइन एप और हेल्पलाइन नंबर 1950 की जानकारी दी। मौके पर ही वोटर रजिस्ट्रेशन हेल्पलाइन डेस्क स्थापित कर नए पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई गई।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रश्नोत्तरी स्पर्धा हुई

रेवदर | संघवी कॉलेज में कार्यवाहक प्राचार्य भंवरलाल की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। सहायक आचार्य दीपेश दहिया व राजेश रेबारी ने बताया कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी हुई। कॉलेज सहायक आचार्य डॉ. भीम सिंह जाटव, आंचल मीना, प्रीति शर्मा, प्रियंका कुमावत व प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भाग लिया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजकीय विद्यालय कीटनोद में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**मरुलहर न्यूज**

**बालोतरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कीटनोद में विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को मतदान के अधिकार, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतंत्र में मतदाता की अहमियत से परिचित करवाया गया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मतदान का महत्व, मजबूत लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका तथा युवा और मतदान जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से निष्पक्ष, निर्भीक और जागरूक मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ईएलसी प्रभारी व्याख्याता जितेन्द्र कुमार ओर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आान किया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्कूलों में गूंजा मतदान का संकल्प, प्रतियोगिताओं के जरिए छात्र बने जागरूक

मरुलहर न्यूज

**बालोतरा**। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बालोतरा जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कार्यक्रमों की धूम रही। लोकतंत्र में पूर्ण आस्था और सशक्त भागीदारी के संदेश के साथ स्कूली विद्यार्थियों ने विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से आमजन को वोट की शक्ति का महत्व समझाया। जिला शिक्षा अधिकारी देवाराम प्रजापत ने बताया कि जिले के समस्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मेरा वोट, मेरा भविष्य और सशक्त लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका जैसे विषयों पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रंगों और तूलिका के माध्यम से मतदाता जागरूकता के सुंदर चित्र बनाए। कई पोस्टरों में ईवीएम मशीन, अमिट स्याही और मतदान केंद्र के दृश्य उकेरे गए, जो कोई भी मतदाता न छूटे के संकल्प को प्रदर्शित कर रहे थे।

छात्रों ने अपने लेखों के माध्यम से भारतीय लोकतंत्र के गौरवशाली इतिहास और एक-एक मत की कीमत पर अपने विचार साझा किए। सवेरे प्रार्थना सभा के दौरान विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें संस्था प्रधानों द्वारा सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। जिसमें सभी ने लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में भाग लेने तथा अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भय मुक्त व बिना प्रलोभन मतदान करने की शपथ ली

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोडवा कला में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भय मुक्त व बिना प्रलोभन मतदान करने की शपथ ली गई प्रधानाचार्य श्री किशन सिंह गोयल ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है और लोकतांत्रिक सहभागिता को सशक्त बनाना है विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करें हमें बिना किसी लोभ लालच के व भय मुक्त होकर योग्य उम्मीदवार का चयन करना चाहिए ईएलसी प्रभारी श्री नारायण सिंह राजपुरोहित ने इस अवसर पर पोस्टर ,निबंध गतिविधियों का आयोजन कर पोलिंग बूथ प्रक्रिया को समझाया गया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बालिका विद्यालय मोकलसर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## मेरा भारत, मेरा वोट में नीतू सिसोदिया रही प्रथम

मरुलहर न्यूज

**बालोतरा।** मेरामचंद हुंडिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोकलसर, सिवाना में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मेरा भारत, मेरा वोट चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बूथ लेवल अधिकारी कुमार जितेन्द्र जीत के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा सातवीं से बारहवीं तक की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों, मताधिकार और मतदान के महत्व को रंगों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बालिकाओं ने अपने चित्रों के जरिए मतदाताओं को जागरूक करने का सशक्त संदेश दिया। निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन में कक्षा नवमीं की बालिका नीतू सिसोदिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा बारहवीं की किरण राजपुरोहित द्वितीय और कक्षा नवमीं की वर्षा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य केशाराम बारड ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी बालिकाओं की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की हौसलाअफजाई की तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**कार्यक्रम** • मतदाता जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन, छात्रों को जागरुक करेंगे

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आज

भास्कर न्यूज़ | बालोतरा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर बालोतरा जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

एडीएम भुवनेश्वरसिंह चौहान ने बताया कि 25 जनवरी को सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य आयोजन पंचायत समिति सभागार में किया जाएगा। वहीं सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 10 बजे कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए समस्त सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत 18-19 वर्ष आयु वर्ग के नव मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र वितरण, ईएलसी (इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब) गतिविधियां, ई-ईपिक, डाक मतपत्र, होम वोटिंग, सी-विजिल, वीएचएपी-1950 हेल्पलाइन, एनजीआरएस पोर्टल की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मतदाता सूची का पठन, महिला मतदाता, विशेष योग्यजन, ट्रांसजेंडर एवं अन्य वंचित वर्ग के मतदाताओं के पंजीकरण तथा ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता को और प्रभावी बनाने के लिए वाद-विवाद, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता

मोकलसर | मेराम‌चंद हुंडिया राबाउमावि में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मेरा भारत, मेरा वोट चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। बूथ लेवल अधिकारी कुमार जितेंद्र जीत के मार्गदर्शन में किया गया।



मोकलसर. मतदान दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में स्कूल की कक्षा सातवीं से बारहवीं तक की बालिकाओं ने भाग लेते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों, मताधिकार व मतदान के महत्व को रंगों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बालिकाओं ने अपने चित्रों के जरिए मतदाताओं को जागरूक करने का सशक्त संदेश दिया।

निर्णायक मंडल की ओर से किए गए मूल्यांकन में कक्षा नवमीं की बालिका नीतू सिसोदिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा बारहवीं की किरण राजपुरोहित द्वितीय व कक्षा नवमीं की वर्षा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य केशाराम बारड़ ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी बालिकाओं की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की हौसलाअफजाई की तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सोलंकी, व्याख्याता जगदीश विश्नोई, भरत कुमार सोनी मौजूद रहे।

# मतदाता दिवस पर प्रतियोगिताएं

समदड़ी | पीएमश्री राबाउमावि में मतदाता दिवस को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता के दौरान मतदाता शपथ, मतदान जागरूकता रैली, रंगोली, चित्रकला, निबंध व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था प्रधान भलाराम पटेल ने वोट का अधिकार एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। ईएलसी प्रभारी बीएलओ नंदकिशोर शर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 और नए 18 वर्ष के आयु के मतदाताओं को पंजीकृत करना, तथा लोकतांत्रिक भागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर प्रकाश डाला। बीएलओ संतोष जोशी ने ऑनलाइन फॉर्म नंबर 6, 7 व 8 भरना सिखाया।

# बालोतराः जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आज

**बालोतरा/नवज्योति।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य आयोजन पंचायत समिति सभागार, में किया जाएगा। वहीं सभी मतदान केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए समस्त सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# मतदाता दिवस समारोह आज

**सिवाना** | सिवाना निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह उपखंड सिवाना मुख्यालय पर रविवार को आयोजित होगा। सिवाना उपखंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह खंगारोत ने बताया कि 16वां मतदाता दिवस मेरा भारत मेरा वोट की थीम एवं सिटीजन एट द हार्ट आफ इंडियन डेमोक्रेसी की टैगलाइन पर आधारित होगा। इस दिन विधानसभा सिवाना 138 के सभी बूथों पर 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नव मतदाताओं को पहचान पत्र वितरण करना डाक मत पत्र सी विजील ऐप एवं 1950 वॉटर हेल्प की जानकारी दी जाएगी।

# 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

## "मेरा भारत, मेरा वोट" थीम पर होगा आयोजन

प्रशान्त ज्योति न्यूज

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन रविवार, 25 जनवरी को राजस्थान इन्फोरमेशन सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे होंगे। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास एवं राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस की निर्धारित थीम, ''मेरा भारत, मेरा वोट'' पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग के राज्य निर्वाचन आईकॉन भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में बूथ स्तर तक उत्साहपूर्वक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्यस्तरीय समारोह में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 पर बनाई गयी डॉक्युमेंट्री होगी, जिसका विमोचन राज्यपाल द्वारा किया जाएगा।

समारोह में राज्यपाल द्वारा संविधान उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों की शपथ का वाचन किया जाएगा। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में राज्य प्रशासन, राज्य निर्वाचन आयोग, कॉरपोरेट्स, स्वयंसेवी संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का प्रसारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी किया जाएगा। जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा।

श्री महाजन ने बताया कि राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में विशेष योगदान देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी एवं अन्य श्रेणी के 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में श्रीगंगानगर के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार शाक्य, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रायसिंहनगर के रणवीर बाना (बीएलओ सुपरवाईजर), घरसी राम (बीएलओ), जयपाल शर्मा (बीएलओ) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र श्रीकरणपुर को सम्मानित किया जाएगा।

jai राजस्थान

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस रविवार को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे उदयपुर के दो बीएलओ

उदयपुर, 24 जनवरी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जयपुर में रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ श्री गोपाल गुर्जर विधानसभा क्षेत्र मावली एवं श्री अशोक प्रजापत विधानसभा क्षेत्र झाड़ोल को सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को उदयपुर संभाग से 56 विशेष गहन पुनरीक्षण वॉलियन्टर्स को बस द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जयपुर रवाना किया गया। जिला समन्वयक डॉ. देवीलाल गर्ग, मनीष कोठारी, डॉ. अक्षयराज और मयंक माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। वहीं, जिला परिषद सभागार, उदयपुर में भी सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

# उदयपुर के दो बीएलओ होंगे सम्मानित

उदयपुर (पंजाब केसरी): मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जयपुर में रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में मावली के गोपाल गुर्जर और झाड़ोल के अशोक प्रजापत को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। उदयपुर संभाग से 56 विशेष गहन पुनरीक्षण वॉलेंटियर्स बस द्वारा जयपुर रवाना हुए। उदयपुर में जिला परिषद सभागार में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस का स्थानीय कार्यक्रम सुबह 11 बजे होगा।

Scanned with OKEN Scanner

# राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे उदयपुर के दो बीएलओ





उदयपुर, 24 जनवरी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जयपुर में रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ श्री गोपाल गुर्जर विधानसभा क्षेत्र मावली एवं श्री अशोक प्रजापत विधानसभा क्षेत्र झाड़ोल को सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को उदयपुर संभाग से 56 विशेष गहन पुनरीक्षण वॉलियन्टर्स को बस द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जयपुर रवाना किया गया। जिला समन्वयक डॉ. देवीलाल गर्ग, मनीष कोठारी, डॉ. अक्षयराज और मयंक माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। वहीं, जिला परिषद सभागार, उदयपुर में भी सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

udaipur express

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज: राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे उदयपुर के दो बीएलओ

उदयपुर (कासं)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जयपुर में रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ गोपाल गुर्जर विधानसभा क्षेत्र मावली एवं अशोक प्रजापत विधानसभा क्षेत्र झाड़ोल को सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को उदयपुर संभाग से 56 विशेष गहन पुनरीक्षण वॉलियन्टर्स को बस द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जयपुर रवाना किया गया। जिला समन्वयक डॉ. देवीलाल गर्ग, मनीष कोठारी, डॉ. अक्षयराज और मयंक माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। वहीं, जिला परिषद सभागार, उदयपुर में भी सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस विशेष : निकाय और पंचायतीराज चुनाव से पहले की स्थिति**

# अब शहर में 4.64 लाख और गांवों में 13 लाख 'भाग्य विधाता'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

उदयपुर. जल्द ही होने वाले नगर निगम और पंचायतीराज के चुनाव पर सबकी नज़र है। दोनों तरह के चुनावों में जनप्रतिनिधियों का भविष्य तय होगा। इसके लिए शहर में 4.64 लाख और गांवों में 13 लाख 'भाग्य विधाता' हैं। इनकी बदौलत ही शहर और गांवों की सरकार तय होगी।

मतदाताओं के आंकड़ें देखें तो पिछले डेढ़ दशक में काफी बदलाव आया है। पहले सलूम्बर भी उदयपुर जिले का हिस्सा था, लेकिन अब सलूम्बर अलग जिला है। ऐसे में पिछले दो साल में ही मतदाताओं के आंकड़े तेजी से बदले हैं। डेढ़ दशक में पुरुष मतदाताओं की संख्या 88 हजार 379 बढ़ी है, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या में 80 हजार 176 की बढ़त हुई है। कुल मिलाकर 1 लाख 68 हजार 571 मतदाता बढ़े हैं। अगर सलूम्बर भी उदयपुर जिले का ही हिस्सा होता तो यह आंकड़ा 3 लाख 82 हजार 168 की बढ़त का होता। जिले में 16 ट्रांसजेंडर भी हैं; जो मतदाता सूची का हिस्सा हैं।

## वर्ष 2011 में स्थिति

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| गोगुन्दा | 98274 | 91304 | 189578 |
| झाड़ोल | 94143 | 88605 | 182748 |
| खेरवाड़ा | 112168 | 107193 | 219361 |
| उदयपुर ग्रामीण | 98510 | 90774 | 189284 |
| उदयपुर शहर | 104117 | 96444 | 200561 |
| मावली | 100609 | 95362 | 195971 |
| वल्लभनगर | 105825 | 101096 | 206921 |
| सलूम्बर | 109792 | 103805 | 213597 |
| कुल | 823438 | 774583 | 1598021 |

जिले में मतदाताओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है, जिसमें महिला-पुरुष दोनों वर्गों में काफी संख्या बढ़ी है। लोकतंत्र की प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से हर साल मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य ही यही है कि नए मतदाता उत्साह से जुड़े और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बने। मतदान सूची में नाम जुड़वाने के प्रति सभी को जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

**मोहन सोनी,** पूर्व तहसीलदार (निर्वाचन)

## अब तक यह स्थिति

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| गोगुन्दा | 131394 | 120297 | 251692 |
| झाड़ोल | 140048 | 127297 | 267345 |
| खेरवाड़ा | 149706 | 137358 | 287064 |
| उदयपुर ग्रामीण | 130475 | 125328 | 255810 |
| उदयपुर शहर | 105163 | 103220 | 208385 |
| मावली | 125495 | 119718 | 245217 |
| वल्लभनगर | 129536 | 121541 | 251079 |
| कुल | 911817 | 854759 | 1766592 |

***दिवस की शुरूआत डेढ़ दशक पहले :*** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में निर्वाचन आयोग सबसे बड़ी संवैधानिक संस्था है। भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। आयोग की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर पहली बार 2011 में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनायां गया। तब से अब तक 15 साल से यह दिवस मनाया जाता है। नए मतदाता को जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए विविध आयोजन होते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक नवज्योति
Udaipur City - 25 Jan 2026 - Page 9

# राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे उदयपुर के दो बीएलओ





ब्यूरो नवज्योति,उदयपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जयपुर में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ गोपाल गुर्जर विधानसभा क्षेत्र मावली एवं अशोक प्रजापत विधानसभा क्षेत्र झाड़ोल को सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को उदयपुर संभाग से 56 विशेष गहन पुनरीक्षण वॉलियन्टर्स को बस द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जयपुर रवाना किया गया। जिला समन्वयक डॉ. देवीलाल गर्ग, मनीष कोठारी, डॉ. अक्षयराज और मयंक माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। वहीं, जिला परिषद सभागार, उदयपुर में भी सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक नवज्योति
Udaipur City - 25 Jan 2026 - Page 4

## सेवानिवृत्त एडिशनल चीफ कमिश्नर का नाम मतदाता सूची से हटाने का प्रस्ताव

# SIR प्रक्रिया से नाराज रिटायर्ड आरएएस बोले... विधायक हो तो क्या तोप हो गए

**ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर।** मतदाता सूचियों के गहन विशेष पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया पर बवाल जारी है। आगामी दिनों में इससे जुड़े कई प्रसंग और प्रकरण सामने आने की संभावना है।SIR में उदयपुर से सेवानिवृत्त आरएएस एए छीपा व उनके परिवार का नाम भी हटा दिया गया है। इसे लेकर छीपा ने जनप्रतिनिधियों से लेकर वर्तमान अधिकारियों, बीएलओ और भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं को आड़े हाथों लिया है जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग सामने आई है। हाल ही में जारी सूची में छीपा एवं उनके परिवार का नाम हटा दिया गया है।
छीपा ने उनका एवं उनके परिवार का नाम काटने पर सबसे पहले विधायक जैन से बातचीत की। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके कहने पर नाम काटे गए हैं। बातचीत के दौरान छीपा यह भी कह रहे हैं कि विधायक हो गए हो तो तोप हो गए क्या? जवाब में विधायक मामले की जांच करवाने की बात कहते रहे। दूसरे ऑडियो में छीपा ने पार्टी कार्यकर्ता राजकुमार को भी जमकर लताड़ लगाई तो तीसरे ऑडियो में उन्होंने कलक्ट्रेट के कर्मचारी लवीश जोशी से मामले की जानकारी ली। उन्होंने जोशी से कहा कि भाजपा की सरकार है तो क्या मनमर्जी से नाम काट दोगे। जोशी ने भी स्वीकार किया कि विधायक जैन के कहने पर नाम काटा गया है।जोशी ने उनकी एडीएम से भी बात करवाई तो एडीएम ने भी जांच करवाने की बात कहकर फोन रख दिया। छीपा ने बताया कि उनका, उनकी धर्मपत्नी तथा उनकी पुत्रवधु का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। ऑडियो से छीपा ने सभी संबंधितों से बात की तो सभी ने पार्टी स्तर पर सूची देकर नाम काटने की जानकारी दी है।

## इनका कहना है...

मामला मेरी जानकारी में है। छीपा से कह दिया गया है कि यदि कोई त्रुटि रह गई है तो जांच करवा ली जाएगी और उसमें सुधार कर लिया जाएगा। ढाई लाख मतदाताओं में 685 के ही नाम कटवाने की सूची सौंपी है।

**ताराचंद जैन, उदयपुर शहर विधायक**

Scanned with OKEN Scanner

प्रातःकाल
Udaipur City Edition | 2026-01-25 | Page- 5
epaper.pratahkal.com

मिलता है, वहां भाव वंदे मातरम् की रचना में समाहित है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

## राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे उदयपुर के दो बीएलओ




उदयपुर(वि.)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जयपुर में रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ श्री गोपाल गुर्जर विधानसभा क्षेत्र मावली एवं श्री अशोक प्रजापत विधानसभा क्षेत्र झाड़ोल को सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को उदयपुर संभाग से 56 विशेष गहन पुनरीक्षण वॉलियन्टर्स को बस द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जयपुर रवाना किया गया। जिला समन्वयक डॉ. देवीलाल गर्ग, मनीष कोठारी, डॉ. अक्षयराज और मयंक माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। वहीं, जिला परिषद सभागार, उदयपुर में भी सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

Powered by Bharati Web

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर

धौलपुर 25-01-2026

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पहली बार ईएलसी को मिलेगा सम्मान

धौलपुर| मतदाता जागरूकता के लिए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) को 25 जनवरी को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में गठित समिति द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ ईएलसी को जिला कलक्टर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। निर्वाचन विभाग राज्य कार्यालय के निर्देशों की अनुपालना में स्कूल,कॉलेज तथा राजकीय व निजी संस्थाओं की ईएलसी को अलग-अलग श्रेणियों में आंका गया है। जिला स्तर पर स्कूल वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा और निजी गोविंद पब्लिक स्कूल धौलपुर का चयन किया गया है। वहीं कॉलेज वर्ग में राजकीय लॉ कॉलेज धौलपुर तथा निजी एसएन कॉलेज धौलपुर को सर्वश्रेष्ठ ईएलसी घोषित किया गया है। इन क्लबों ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग, नए मतदाताओं के नामांकन और समुदाय में मतदान संबंधी जागरूकता फैलाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।चयनित ईएलसी के प्रधानाचार्य एवं क्लब प्रभारी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर परिषद सभागार धौलपुर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के लिए सर्वश्रेष्ठ ईएलसी चयन की प्रक्रिया 2 जनवरी से शुरू की गई थी। 2 से 10 जनवरी तक ब्लॉक स्तर पर सीबीईओ कार्यालय में आवेदन लिए गए।

दैनिक भास्कर
धौलपुर 25-01-2026

### ईआरओ-एईआरओ के समक्ष उपस्थिति जरूरी

# SIR... मतदाताओं को राहत नोटिस का जवाब ऑनलाइन

धौलपुर | मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ी सुविधा शुरु की हैं। नोटिस का जवाब ऑनलाइन दिया जा सकेगा और आवश्यकता पड़ने पर मतदाता अपने स्थान पर किसी स्वजन को अधिकृत कर भेज भी सकेगा। बता दे कि जिले में एसआईआर के दौरान 9,17,846 मतदाताओं में से 8,69,133 मतदाताओं ने गणना पत्र जमा कराएं थे,कुल 48,713 मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा नहीं हुए थे।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अगर किसी मतदाता को नोटिस जारी किया गया है,तो वह निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर लॉगइन कर यह जांच सकता है कि उसे नोटिस मिला है या नहीं। नोटिस जारी होने की स्थिति में मतदाता को ऑनलाइन ही जरूरी दस्तावेज अपलोड कर जवाब देने की सुविधा दी गई हैं। आयोग के निर्देशों के अनुसार,जवाब देते समय मतदाता को अपनी जन्मतिथि,जन्मस्थान और पहचान से जुड़े प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। जिन मतदाताओं का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ हैं, उन्हें केवल स्वयं से संबंधित दस्तावेज देने होंगे। जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 के बाद और 2 दिसंबर 2004 के बीच हुआ हैं, उन्हें स्वयं के साथ माता या पिता में से किसी एक के दस्तावेज भी लगाने होंगे। वहीं, जिनका जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद हुआ हैं,उन्हें स्वयं के साथ-साथ माता और पिता दोनों के प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि मतदाता स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता हैं, तो वह अपने स्थान पर किसी स्वजन को भेज सकता हैं। हालांकि आयोग ने स्पष्ट किया हैं कि अंतिम निर्णय के समय आवश्यकता पड़ने पर मतदाता या उसका प्रतिनिधि अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होगा। बिना पर्याप्त कारण बताए उपस्थिति से बचने पर मतदाता का नाम सूची से हटाए जाने की कार्रवाई भी हो सकती हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नोटिस का जवाब देते समय दस्तावेजों की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पेंशन दस्तावेज, सरकारी पहचान पत्र जैसे वैध प्रमाणों को मान्यता दी जाएगी। ऑनलाइन जवाब और स्वजन को अधिकृत करने की सुविधा से लाखों मतदाताओं को राहत मिलने की उम्मीद हैं।

**नोटिस मिला या नही,ऑनलाइन कर सकते हैं चेक:-** निर्वाचन आयोग की बेवसाइट पर लॉगइन करते ही एसआईआर 2026 का ऑप्शन आएगा। डॉक्युमेंट्स अगेंस्ट नोटिस इश्यू पर क्लिक करे। इससे एक बॉक्स खुलेगा। जिसमें वोटर आईडी नंबर टाइप करने पर पता चल जाएगा कि नोटिस जारी हुआ हैं या फिर नही। यदि नोटिस जारी हुआ हैं तो नया पेज खुलेगा जहां मतदाता को एपिक नंबर या फिर नोटिस संख्या अंकित करनी होगी। जहां जरूरी अभिलेख प्रस्तुत कर ऑनलाइन नोटिस का जवाब दिया जा सकता हैं।